# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला,आज, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा,न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

## अमर उजाला–दि0 25.12.2024

### अवैध प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार सारनाथ वार्ड के दामोदरपुर में अशोक गुप्ता की ओर से 2 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। साथ ही लोगों को चेतावनी दी। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 25.12.2024

### ठेकेदारों पर लगेगा भारी जुर्माना

**वाराणसी।** खाद्य एवं रसद विभाग और वीडीए की संयुक्त की बैठक मंगलवार को वीडीए सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि केपीआई वायोलेशन (रेड फ्लैग, इन-रूट स्टॉपेज, रूट डेविएशन, फोर्स क्लोजर, अनऑथराइज्ड लोकेशन) की स्थिति में ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर जिलों के ठेकेदारों की ओर से उपलब्ध कराए गए छोटे वाहनों और रूटचार्ट की स्थिति पर चर्चा की गई। जौनपुर और गाजीपुर जनपदों में केपीआई वायोलेशन की स्थिति खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई। संवाद

## अमर उजाला–दि0 25.12.2024

# कैंट स्टेशन के सामने 12 मंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनेगा

## वीडीए और एनबीसीसी के बीच एमओयू

**माई सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी। कैंट स्टेशन के सामने इंग्लिशिया लाइन पर 12 मंजिला जवाहरलाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण वीडीए कराएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन) के साथ एमओयू हुआ।

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि करीब 6600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 12 मंजिला व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। वर्तमान में यह भवन तीन मंजिला है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर आधुनिक और जरूरी सेवाएं प्रदान करना है। इस कॉम्प्लेक्स में पुराने दुकानदारों को भी जगह दी जाएगी। इसके अलावा, कैंट क्षेत्र की भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए इसे ऐसा बनाया जाएगा कि हर प्रकार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें।

45 साल पहले बनाए गए इस कॉम्प्लेक्स को अब नए सिरे से आधुनिक ढांचे में बदला जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जाएगी। परियोजना को लेकर उपस्थित एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादव ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से और समय पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार आदि मौजूद रहे।

## आज–दि0 25.12.2024

# दो बीघा अवैध प्लाटिंगपर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर वार्ड सारनाथ में अपर सचिवके नेतृत्वमें अशोक गुप्ता नामक काश्तकारने दो बीघा जमीनपर अवैध प्लाटिंग करते हुए पाये गये। मौकेपर पहुंचे जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, सारनाथ थानेकी पुलिसकी देखरेखमें प्रवर्तन विभागने जेसीबी की मददसे प्लाटिंगपर हुए निर्माणको ध्वस्त कर दिया।

## आज–दि0 25.12.2024

# अब जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक भवन बनेगा १२ मंजिला

कैण्ट रेलवे स्टेशनके समीप इंग्लिशियालाइन स्थित जवाहर लाल नेहरू काम्प्लेक्स अब १२ मंजिला अत्याधुनिक व्यवसायिक काम्प्लेक्समें परिवर्तित होगा। इसे लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शनके साथ मंगलवारको समझौता हो गया। लगभग ६६ वर्ग मीटर क्षेत्रफलमें तीन मंजिला भवन अब १२ मंजिलका काम्प्लेक्स बनेगा। इसमें पर्यटकों और श्रद्धालुओंको एक आधुनिक सुविधा बनानेके लिए निर्माण किया जायेगा। काम्प्लेक्सके अन्दर वर्तमान समय जो लोग आवंटित हैं उन्हें भवन का जीर्णोद्धार हो जानेके बाद फिरसे आवंटित किया जायेगा। उपाध्यक्षने बताया कि लगभग ४५ साल पहले इस काम्प्लेक्सका निर्माण किया गया था। अब इसे आधुनिक रूपसे विकसित करनेके लिए पुन: निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए समझौतेके आधारपर १२ मंजिलाकी व्यावसायिक भवनमें सभी प्रकारकी आधुनिक सुविधाएं दी जायेगी और पुराने आवंटियोंसे विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जायेगी। निजी संस्थाके सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादवने कहा कि निर्माण कार्यकी गुणवत्ता उच्च स्तरीय होगी। एमओयू के समय अपर सचिव डाक्टर गुडकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार सहित अन्य अधिकारी और अभियन्ता सम्मिलित थे।

**नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और वीडीए के बीच हुआ समझौता**

## दैनिक जागरण–दि0 25.12.2024

# रूट चार्ट का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व संभागीय खाद्य नियंत्रक (मंडल) पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में खाद एवं रसद विभाग के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

इसमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर के ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए गए छोटे वाहनों और रूट चार्ट की स्थिति पर चर्चा हुई। कहा गया कि जो भी उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

हिन्दुस्तान–दि0 25.12.2024

## खाद्य आपूर्ति में मानकों के उल्लंघन पर जुर्माना

वाराणसी। बनारस समेत आसपास के जिलों में खाद्य आपूर्ति के दौरान मानकों का उल्लंघन करने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही की जाएगी। मंगलवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक के दौरान संभागीय खाद्य नियंत्रक (मंडल) पुलकित गर्ग ने यह चेतावनी दी।

हिन्दुस्तान–दि0 25.12.2024

### विकास प्राधिकरण और एनबीसीसी के बीच किया गया समझौता

## नेहरू कॉम्प्लेक्स 12 मंजिला बनाया जाएगा

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए प्रशासन इंग्लिशिया लाइन में जवाहरलाल नेहरू व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण कराएगा। 12 मंजिल के इस कॉम्प्लेक्स में आधुनिक सुविधाएं होंगी। मंगलवार को वीडीए और नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी ने समझौते पर हस्ताक्षर किया।

कैंट क्षेत्र में भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए परिसर में एक छत के नीचे कई सुविधाएं मुहैया कराई जानी है। अब एनबीसीसी प्रोजेक्ट पर आने वाली लागत और सुविधाओं को लेकर सर्वेक्षण करेगा। एक माह में इसकी रिपोर्ट वीडीए को सौंपी जाएगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि 6600 वर्ग मीटर में फैले इस परिसर का निर्माण 45 साल पहले हुआ था। अभी यह तीन मंजिला है। इसमें 179 आवंटी हैं, सभी को नए परिसर में स्थान दिया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर आधुनिक और जरूरी सेवाएं प्रदान करना है। बैठक में तय हुआ है कि आवंटियों से भी प्रोजेक्ट के बारे में विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जाएगी। इस दौरान एनबीसीसी के जीएम अनिल यादव, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार मौजूद रहे।

01 सौ 79 आवंटियों को इसी परिसर में मिलेगा स्थान

66 सौ वर्गमीटर में फैला है यह अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स

- सर्वे करके लागत-सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा
- एक माह के अंदर विकास प्रधिकरण को सौंपी जाएगी रिपोर्ट



नेहरू कॉम्प्लेक्स के निर्माण के मसौदे पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी ने मंगलवार को हस्ताक्षर किए।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.12.2024

### वीडीए और एनबीसीसी के बीच हुआ एमओयू, बनेगा 12 मंजिला जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स

वाराणसी कैंट स्टेशन के पास इंग्लिशिया लाइन स्थित जवाहरलाल



नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन) के साथ समझौता (एमओयू) हुआ। वीडीए उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग ने बताया कि करीब 6600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाला यह 12 मंजिला अत्याधुनिक व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स सभी सुविधाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर आधुनिक और जरूरी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स में रहने वाले पुराने आवंटियों को भी जगह दी जाएगी। इसके अलावा, कैंट क्षेत्र की भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए इसे ऐसा बनाया जाएगा कि हर प्रकार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। प्राधिकरण का कहना है कि 45 साल पहले बनाए गए इस कॉम्प्लेक्स को अब नए सिरे से आधुनिक ढांचे में बदला जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जाएगी। परियोजना को लेकर उपस्थित एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादव ने कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 25.12.2024

### अब जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक भवन बनेगा १२ मंजिला

कैण्ट रेलवे स्टेशनके समीप इंग्लिशियालाइन स्थित जवाहर लाल नेहरू काम्प्लेक्स अब १२ मंजिला अत्याधुनिक व्यवसायिक काम्प्लेक्समें परिवर्तित होगा। इसे लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और नेशनल बिल्डिंग

#### नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और वीडीए के बीच हुआ समझौता

कंस्ट्रक्शनके साथ मंगलवारको समझौता हो गया। लगभग ६६ वर्ग मीटर क्षेत्रफलमें तीन मंजिला भवन अब १२ मंजिलका काम्प्लेक्स बनेगा। इसमें पर्यटकों और श्रद्धालुओंको एक आधुनिक सुविधा बनानेके लिए निर्माण किया जायेगा। काम्प्लेक्सके अन्दर वर्तमान समय जो लोग आवंटित हैं उन्हें भवन का जीर्णोद्धार हो जानेके बाद फिरसे आवंटित किया जायेगा। उपाध्यक्षने बताया कि लगभग ४५ साल पहले इस काम्प्लेक्सका निर्माण किया गया था। अब इसे आधुनिक रूपसे विकसित करनेके लिए पुनः निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए समझौतेके आधारपर १२ मंजिलाकी व्यावसायिक भवनमें सभी प्रकारकी आधुनिक सुविधाएं दी जायेगी और पुराने आवंटियोंसे विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जायेगी। निजी संस्थाके सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादवने कहा कि निर्माण कार्यकी गुणवत्ता उच्च स्तरीय होगी। एमओयू के समय अपर सचिव डाक्टर गुडकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार सहित अन्य अधिकारी और अभियन्ता सम्मिलित थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 25.12.2024

### 12 मंजिला बनेगा जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स

**तैयारी**

**वीडीए और एनबीसीसी ने किया एमओयू**

**पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से होगा विचार विमर्श, विभाग लेगी उनकी सहमति**



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के पास इंग्लिशिया लाइन स्थित जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए वीडीए ने तैयारी करनी शुरू कर दी है। वहीं एमओयू के तहत कार्य किए जाने की रूप रेखा भी बना लिया है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन) के साथ समझौता किया गया है, और इस कार्य को जल्द प्रारम्भ कराए जाने की व्यवस्था तय की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि करीब 6600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला यह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक ढंग का बनेगा और सभी सुविधाओं से युक्त होगा। वर्त्तमान में इसे 3 मंजिला बनाया जाएगा ,वहीं यह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण 12 मंजिला का किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर आधुनिक और जरूरी सेवाएं प्रदान करना है। जबकि दुकान वाले पुराने आवंटियों को भी जगह मिल सके। इसके अलावा, कैंट क्षेत्र की भीड़ भाड़ को ध्यान में रखते हुए इसे ऐसा बनाया जाएगा कि हर प्रकार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। प्राधिकरण का कहना है कि 45 साल पहले बनाए गए इस कॉम्प्लेक्स को अब नए सिरे से आधुनिक ढांचे में बदला जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जाएगी। परियोजना को लेकर एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादव ने कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 25.12.2024

### अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए निर्देश के क्रम में विकास प्राधिकरण जोन-दो की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। सारनाथ वार्ड के अंतर्गत मौजा-दामोदरपुर में लगभग दो बीघा में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जोनल अधिकारी के नेतृत्त्व में प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

### केपीआई वायोलेशन पर ठेकेदारों पर होगा भारी जुर्माना

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक (मंडल) पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में खाद एवं रसद विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर जनपदों के ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए गए छोटे वाहनों और रूटचार्ट की स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में केपीआई वायोलेशन (रेड फ्लैग, इन-रूट स्टॉपेज, रूट डेविएशन, फोर्स क्लोजर, अनऑथराइज्ड लोकेशन) की स्थिति पर गहन समीक्षा की गई। जौनपुर और गाजीपुर जनपदों में केपीआई वायोलेशन की स्थिति खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन वायोलेशन की विस्तृत रिपोर्ट केएमएल फाइल के साथ प्रस्तुत की जाए, जिसमें वायोलेशन का कारण, संबंधित जनपद और ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो। पुलकित गर्ग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वायोलेशन के मामलों में ठेकेदारों पर प्रत्येक वायोलेशन पर जुर्माना लगभग 500 से 2000 तक लगाया जाएगा। संबंधित डीएफएमओ को निर्देशित किया गया कि वायोलेशन की रोकथाम सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आरएमओ प्रदीप कुमार कुशवाहा, डीसी फूड राजन गोयल, डीएसओ, तथा सभी संबंधित जनपदों के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 25.12.2024

# वीडीए जोन-2 की प्रवर्तन टीम ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड- सारनाथ, थाना- सारनाथ के अन्तर्गत अपर सचिव के नेतृत्व में अशोक गुप्ता द्वारा अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा-दामोदरपुर, जिला-वाराणसी में लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग किये जा रहे थे, अवैध प्लाटिंग को आज 24.12.2024 को जोनल अधिकारी के नेतृत्त्व में प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।इस मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार , अवर अभियंता विनोद कुमार प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 25.12.2024

# केपीआई वायोलेशन पर ठेकेदारों पर होगा भारी जुर्माना

वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं संभागीय खादय नियंत्रक (मंडल) श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में खाद एवं रसद विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक



आयोजित की गई। इसमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर जनपदों के ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए गए छोटे वाहनों और रूटचार्ट की स्थिति पर चर्चा हुई।बैठक में केपीआई वायोलेशन (रेड फ्लैग, इन-रूट स्टॉपेज, रूट डेविएशन, फोर्स क्लोजर, अनऑथराइज्ड लोकेशन) की स्थिति पर गहन समीक्षा की गई। जौनपुर और गाजीपुर जनपदों में केपीआई वायोलेशन की स्थिति खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन वायोलेशन की विस्तृत रिपोर्ट केएमएल फाइल के साथ प्रस्तुत की जाए, जिसमें वायोलेशन का कारण, संबंधित जनपद और ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो। श्री पुलकित गर्ग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वायोलेशन के मामलों में ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगभग 500-2000 तक लगाया जाएगा। बैठक में आरएमओ प्रदीप कुमार कुशवाहा, डीसी फूड राजन गोयल, डीएसओ, तथा सभी संबंधित जनपदों के ठेकेदार उपस्थित रहे।